# एक पेड़ मां के नाम, तिरंगा और सर्पदंश से जागरुकता अभियान की बनाई कार्ययोजना







**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड मोहखेड़ में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा बुधवार को जनपद पंचायत सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत मोहखेड़ के सी.ई.ओ. दिनेश कुमार करपे, समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य मदन साहू, सदन साहू तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया।



अतिथियों के स्वागत के बाद मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया।

जिला पंचायत सदस्य मदन साहू ने जन अभियान परिषद के कार्यों को जनहितैषी बताते हुए उनकी सराहना की। वहीं सदन साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नवांकुर सखी यात्रा मील का पत्थर साबित हो सकती है।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जैन ने तिरंगा यात्रा, हरियाली यात्रा, एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा सर्पदंश जागरूकता अभियान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रस्फुटन समितियों से इन गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने समितियों के दस्तावेजीकरण पर विशेष ध्यान देने और आगामी माह तक इसे पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

विकासखंड समन्वयक भवानी कुमरे ने स्वागत उद्बोधन में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिल्लेवानी के अध्यक्ष विजय पगारे का प्रतिदिन पौधारोपण कर 365 पौधे लगाने का एक वर्ष पूर्ण होने पर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता मोनू साहू, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लावाघोघरी के अध्यक्ष एवं उपसरपंच मनेश शीलू, शुभ विचार एसोसिएशन के अनिल डेहरिया, वसुंधरा वेलफेयर के रोशन बिसेन, प्रगति एसोसिएशन हिवरावासुदेव के जितेंद्र साहू, परामर्शदाता राजेश कुमार धारे, मदन चौधरी, दिनेश नारेकर सहित बड़ी संख्या में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घूमता आईना

# मौसी चली गई दामाद के साथ भतीजी मलते रह गई हाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 80 किलो मीटर दूर स्थित एक गांव में उस समय कोहराम मच गया, जब हाल ही में एक परिवार में विवाह हुआ था और विवाह के बाद अपने पति के साथ मौसी के घर आई बेटी और दामाद का स्वागत मौसी सास ने कुछ इस तरह किया कि बेटी दामाद का स्वागत ससुराल में भी नहीं हुआ होगा। लेकिन मौसी भी कैसी थी कि अपनी भतीजी की उम्र से केवल 3 साल बड़ी है, देखने में खूबसूरत थी और यही कारण है कि मौसी को अपने भतीजे दामाद से अचानक ही प्यार हो गया। रात में भोजन के बाद अपने अपने कमरों में सब सोए हुए थे तभी सुबह लगभग 5 बजे एक इंडिको कार से मय जेवरात और सामान के मौसी अपने दामाद के साथ ही नौ दो ग्यारह हो गई। सुबह उठकर जब भतीजी अपने पति और मौसी को ढूंढा तो नहीं मिली और किचिन में एक पत्र पड़ा था कि हमें ढूंढने की कोशिश न करें, शादी हमारी पहले इसी लड़के के साथ होनी थी लेकिन परिजनों ने नहीं किया अब दामाद, दामाद नहीं रहे, वे अब हमारे पति हो गए है, मैं मंदिर में विवाह रचा चुकी हूं और बालिग हूं, दामाद भी सहमत हैं ढूंढना मत। यह पत्र पढ़ते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया लेकिन मजे की बात यह है कि बेटी को मिला दहेज सोना, चांदी सभी छोड़ गया और मौसी अपने सभी जेवरात को लेकर चली गई और भतीजी हाथ मलती रह गई। यदि मौसी के यहां नहीं आती तो मेरा घर नहीं उजड़ता, लेकिन यह घटना के बाद एक पड़ोस में रहने वाले स्वजाति बंधु का एक बेटा जो एकतरफा युवती से प्यार करता था उसे मौका मिला और कहा चिंता मत करो, शादी मैं करूंगा और उसने युवती को अपना लिया जिसकी चर्चा है।

## सार-समाचार

# बड़े तालाब को बचाने महापौर विक्रम अहके ने कलेक्टर हरेन्द्र नारायण को लिखा पत्र

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा शहर की ऐतिहासिक धरोहर एवं धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र बड़ा तालाब के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने कड़ा रुख अपनाया है। महापौर ने जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण को पत्र लिखकर तालाब के अस्तित्व की रक्षा हेतु तत्काल और आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

महापौर ने पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया कि बड़ा तालाब केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है, जिसे कतिपय व्यक्तियों द्वारा क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे हर हाल में सुरक्षित रखना आवश्यक है।

महापौर विक्रम अहके ने बताया कि वर्षों से बड़ा तालाब शहरवासियों की अटूट आस्था का केंद्र रहा है। यहाँ प्रतिवर्ष भुजलिया उत्सव, ताजिया विसर्जन सहित अनेक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होते हैं। इन आयोजनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल होते हैं, जिसके कारण इस तालाब का संरक्षण सीधे तौर पर जनभावनाओं से जुड़ा हुआ विषय है।

अपने पत्र में महापौर ने बड़ा तालाब की वर्तमान स्थिति पर गहरा दुख एवं चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते प्रभावी एवं ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह अमूल्य धरोहर गंभीर संकट में पड़ सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन इस विषय की संवेदनशीलता व गंभीरता को समझते हुए शीघ्र कड़े कदम उठाएगा, जिससे बड़ा तालाब अपनी ऐतिहासिक गरिमा और प्राकृतिक स्वरूप के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

# बगैर काम के सैकड़ों खदान कर्मचारी ले रहे वेतन, महाप्रबंधक परेशान

**परासिया, देशबन्धु।** वेकोलि के पेंच एवं कन्हान क्षेत्र में कोयला खदानों एवं इकाइयों में बहुत से कर्मचारी काम नहीं करते हैं। कर्मचारी हाजिरी लगाकर घूमते रहते हैं। कई कर्मचारी तो समय काटने के लिए घंटों मोबाइल चलाते रहते हैं। पता चला है कि अत्याधिक कामचोरी से क्षेत्र में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिसके कारण महाप्रबंधक विकास अग्रवाल काफी परेशान एवं चिंतित हैं।

महाप्रबंधक कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि महाप्रबंधक अग्रवाल काम चोरी को लेकर कई बार यह कह चुके हैं कि इस क्षेत्र में कोई काम नहीं करना चाहता। जिसके कारण क्षेत्र डूब रहा है। कोयला उत्पादन में लगातार गिरावट आ रही है और क्षेत्र का घाटा बढ़ रहा है। लेकिन कामचोरी में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। यह भी पता चला है कि कामचोरी को लेकर जब भी प्रबंधन कार्यवाही करने की कोशिश करता है तो श्रमिक संगठन प्रबंधन के विरोध में खड़े हो जाते हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र की बंद खदानों मुआरी, माथनी, सेठिया एवं शिवपुरी ओपन कास्ट सहित अन्य खदानों में लम्बे समय से काफी कर्मचारी बिना काम के प्रतिमाह बेतहाशा वेतन एवं विभिन्न प्रकार के कम्पनी के लाभ एवं सुविधाएं दे रहे हैं। वहीं टाउनशिप में भी काम नहीं होने के बावजूद अधिक कर्मचारी पदस्थ हैं। इसके अलावा सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि बहुत से कर्मचारी जिनको कोई बीमारी नहीं है लेकिन प्रबंधन और श्रमिक संगठनों की सांठगांठ से उन कर्मचारियों को बीमारी बताकर भूमिगत खदानों से ऊपर सरफेस में निकाला गया। इस मामले में महत्वपूर्ण बात यह भी सामने आई है कि ऐसे कर्मचारियों की पदस्थापना ऐसी इकाइयों में की गई है जहां पर काम ही नहीं है। जिसके कारण खदान के भीतर काम करने वालों की संख्या कम हो गई है और प्रबंधन खदान के भीतर कोयला उत्पादन एवं अन्य कार्य के लिए ठेका मजदूरों से काम ले रहा है।

# प्रिया मोहोड़ के नेतृत्व में सौसर का डॉक्टर एसोसिएशन निरंतर कर रहा अच्छे कार्य




**सौसर, देशबन्धु।** क्षेत्र का सबसे प्रसिद्ध संगठन डॉक्टर एसोशिएशन सौसर द्वारा निरंतर सामाजिक क्षेत्र मे कार्य कर रहा है। वर्तमान समय मे यह संगठन डॉ. प्रिया राहुल मोहोड़ दंत चिकित्सक के नेतृत्व मे कार्य कर रहा है। सोमवार को नगर के सुभाष मॉण्टेश्वरी स्कूल मे छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया।

स्कूल की प्राचार्या श्रीमती हिना वाडेकर ने जानकारी देते हुये बताया की डॉक्टर एसोशियसन सौसर द्वारा शाला के आग्रह पर अपनी पूरी टीम के साथ हमारे स्कूल के लगभग 1200 से 1300 छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। एसोशियसन की अध्यक्ष श्रीमती डॉक्टर प्रिया राहुल मोहोड़ ने जानकारी देते हुए बताया की हमारे संगठन मे सभी योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक है जिनके पास वैध डिग्री है, उन्हीं चिकित्सको को हमारे संगठन मे स्थान दिया गया। हमारी पूरी टीम द्वारा निरंतर स्वास्थ्य, चिकित्सा, सामाजिक, खेल, सांस्कृतिक क्षेत्र मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर कार्य करता है।

## चांदामेटा में बेलगाम भागते वाहन की टक्कर से गाय की मौत

**परासिया, देशबन्धु।** चांदामेटा में जी एम बंगले के आगे मुख्य सड़क पर बुधवार तड़के चौपाया वाहन की ठोस से गाय की मौत हो गई। हादसे से में गाड़ी के सामने का भाग भी क्षतिग्रस्त हुआ। नगर परिषद के कर्मचारियों ने सुबह गाय को उठाकर उसका अंतिम संस्कार किया। ज्ञात हो कि बारिश के मौसम में मुख्य सड़क पर काफी संख्या में आवारा पशु बैठ रहे हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# जिला सेन समाज की बैठक आयोजित निश्चित अवधि में होगा चुनाव : बंदेवार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेन समाज छिंदवाड़ा की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय सेन समाज भवन प्रांगण में गत 4 अगस्त 2026 दिन मंगलवार को वरिष्ठ संरक्षक जगदीश श्रीवास की अध्यक्षता में व सभी वरिष्ठ संरक्षक ब्लांक अध्यक्ष ओर जिला स्तरीय पदाधिकारियों की गारिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए पवन बंदेवार व नगर अध्यक्ष चंदन बंदेवार ने बताया कि जिला छिंदवाड़ा सेन समाज के जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा की गई जिसमें समाज के वरिष्ठ संरक्षक ने साथ ही जिले भर से आये पदाधिकारियों ब्लाक अध्यक्षों ने एक स्वर में जिला अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए सहमति प्रदान की।

हेमंत बंदेवार व अंकित बंदेवार ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा व ब्लॉक स्तर गठन कार्यकारणी की सूची बुलाकर चुनावी प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा साथ ही चुनाव को लेकर शीघ्र ही वरिष्ठ संरक्षकों के साथ-साथ ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा दिए गए नामों को जोड़ कर कोर कमेटी एवं चुनाव आयोग का गठन किया जाएगा जो जिला अध्यक्ष, जिला युवा अध्यक्ष और महिला अध्यक्ष का समिति के माध्यम चुनाव संपन्न कराया जाएगा साथ ही चुनाव तय सीमा में ही संपन्न कराया जाएगा।इस अवसर सभी वरिष्ठ संरक्षक ब्लाक अध्यक्षों व पदाधिकारियों चुनाव ने को संवैधानिक तरीके व निष्पक्ष रूप हो जिसको लेकर अपने अपने विचार रखे।

बैठक में बंटी श्रीवास रवि राजनकर ने बड़ी संख्या में उपस्थित सभी वरिष्ठ संरक्षक जिला स्तरीय पदाधिकारियों व ब्लॉक अध्यक्षो का व समाजिक बंधुओ का आभार व्यक्त किया।

# लायंस क्लब चांदामेटा परासिया का शपथ गृहण समारोह आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लायंस क्लब परासिया-चाँदमेटा के शपथ विधि समारोह ने इस वर्ष केवल पदभार ग्रहण तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि सेवा, संस्कार, सामाजिक उत्तरदायित्व और नवाचार का ऐसा संदेश दिया जिसने उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया। लगभग 210 गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, लायन सदस्यों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष इंजीनियर लायन अनिल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने वर्ष 2026-27 के लिए दायित्व ग्रहण किया।



कार्यक्रम से पूर्व पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन नरेंद्र भंडारी (पुणे), पूर्व प्रांतपाल नरेंद्र जैन (जबलपुर), द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल अग्रवाल (भिलाई), लायन यशवंत सेंगर एवं लायन भरत अग्रहरी (जबलपुर) का महावीर मोटर्स खिरसाडोह में भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात फ्लावरवेल इंग्लिश मीडियम स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर लायन नरेंद्र भंडारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखिए, उन्हें पूरा करने के लिए बड़े प्रयास कीजिए, सफ्लता अवश्य मिलेगी।

अतिथियों ने दरिद्र नारायण भोज में भोजन वितरण किया, लायंस आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का भ्रमण कर वहां की सेवाओं की सराहना की तथा सेतपरास में बच्चों एवं ग्रामीणों को वस्त्र वितरित कर सेवा का संदेश दिया। शाम को आयोजित मुख्य समारोह में लायन अनिल अग्रवाल, द्वितीय उप प्रांतपाल, भिलाई ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। निवर्तमान अध्यक्ष लायन हरिशंकर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा वर्षभर की गतिविधियों एवं आय.व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

अपने प्रथम उद्बोधन में नव निर्वाचित अध्यक्ष इंजीनियर लायन अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि हम केवल परंपराओं का निर्वहन ही नहीं करेंगे, बल्कि नवाचार, युवा सहभागिता और सेवा कार्यों को नई गति देकर क्लब को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। लायन अनिल जैन ने लायंस आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की उपलब्धियों एवं समाजोपयोगी गतिविधियों की जानकारी दी।

द्वितीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल अग्रवाल ने कहा- मैं परासिया सीखने आया हूँ। यहां के सेवा कार्यों की गूंज मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान तक पहुँच चुकी है। यह क्लब पूरे लायनिज़्म के लिए प्रेरणा है।

पेंच क्षेत्रीय महाप्रबंधक विकास कुमार अग्रवाल ने क्षेत्र के विकास में हरसंभव सहयोग देने का विश्वास दिलाया। पूर्व विधायक ताराचंद बाबारिया ने अपने विशिष्ट अंदाज में कहा- जब गणेश जी की पूजा होती है तो पीछे खड़े गधे को भी लगता है कि उसकी पूजा हो रही है, इसलिए अहंकार से हमेशा बचना चाहिए।

पूर्व प्रांतपाल नरेंद्र जैन ने कहा कि- मैं यहां सबसे मिलने और सेवा भावना को महसूस करने आया हूँ। विधायक सोहन वाल्मीकि ने कहा- कि वे क्षेत्र के सामाजिक उत्थान एवं विकास में अपना पूर्ण सहयोग देंगे।

जिलाध्यक्ष भाजपा शेषराव यादव ने कहा- हम संगठन के लोग हैं और सभी को साथ लेकर चलते हैं। आपकी एकता और सेवा कार्य अनुकरणीय हैं। आज राजनेताओं को भी सेवा के क्षेत्र में उतरकर कार्य करना पड़ रहा है।

पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन नरेंद्र भंडारी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा- अभी रुकना नहीं है, आगे बढ़ते जाना है। सेवा सुविधाओं का और विस्तार कीजिए। इंटरनेशनल स्तर पर मिलने वाली ग्रांट दिलाने में मैं अपना पूरा सहयोग दूँगा। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन लायन पिंकेश पटोरिया एवं लायन संजय अग्रवाल ने किया। अंत में पत्रकार बंधुओं सहित सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# हाईस्कूल लहगडुआ में चलाया नशामुक्ति अभियान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांच अगस्त बुधवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नेतृत्व में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा माहा अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल लहगडुवा हायर सेकेंडरी स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल सारना माध्यमिक स्कूल सारना आदि स्कूलों में नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा अभियान ब्रह्माकुमारी गणेशी बहन, बीके शक्ति बहन के समक्ष समस्त शाला स्टाफ के शिक्षकों की उपस्थिति में भारत के भविष्य विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। नैतिक मूल्य सकारात्मक विचार घर परिवार और राष्ट्र की महती जिम्मेदारी का एहसास जरूरी है इसलिए नशे से हमेशा की दूरी है। विद्यार्थियों को स्लोगन तथा नारों से प्रेरित कर नशे से दूर रहने समझाइश दी गई ।

